तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, शनिवार, 10 मई 2025

अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज

4 ग्रामीण की मौत के बाद उसकी जमीन हथियाने बनवा ली लीज






## खबर संक्षेप

### कार व बाइक में भिड़ंत तीन लोगों की गई मौत

अम्बिकापुर। त्रिकुण्डा शारदापुर मुख्य मार्ग पर कार व बाइक में आमने सामने भिड़ंत हो गई। भिंड़त इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार दंपती की घटना स्थल पर ही मौत हो गई जबकि गंभीर रूप से घायल कार सवार एक युवक की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। वही मृतक दंपति के परिजन ने पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। बलरामपुर थाना अंतर्गत ग्राम पेण्ड्रा निवासी प्रमोद शर्मा आ. सूरजदेव (34 वर्ष) गुरुवार की सुबह सरसरी नारायण दीक्षित के साथ कार क्रमांक सीजी 30 एच 3515 से इलाहाबाद घूमने जाने के लिए निकले थे। जैसे ही कार सवार त्रिकुण्डा अंतर्गत शारदापुर मुख्य मार्ग पर पहुंचे तभी ग्राम धरमी ससुराल से शादी कार्यक्रम में शामिल होकर पत्नी कमला देवी के साथ लौट रहे रघुनाथ नगर थाना अंतर्गत ग्राम हरिगवां निवासी राम सुभग खैरवार की बाइक क्रमांक सीजी 15 डीएम 5289 से आमने सामने भिड़ंत हो गई। कार की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार दंपती की मौके पर ही मौत हो गई जबकि कार सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों का वाड्रफनगर अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने प्रमोद शर्मा की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां बीती रात उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है। इधर मृतक दंपति के परिजन ने घटना की रिपोर्ट त्रिकुण्डा थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने कार चालक के विरूद्ध धारा अपराध दर्ज किया है।

### 13 को होगा कार्यक्रम

# केंद्रीय मंत्री शिवराज सरगुजा से प्रदेश की जनता को देंगे 18 लाख आवास

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**

- डिप्टी सीएम विजय शर्मा, वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने तैयारियों का लिया जायजा

देश के केन्द्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान 13 मई को सरगुजा आ रहे है। इस दौरान केन्द्रीय मंत्री श्री चौहान सरगुजा की धरती से प्रदेश की जनता को 18 लाख पीएम आवास की सौगात देंगे। केन्द्रीय मंत्री के कार्यक्रम को वृहद रूप पर अंजाम देने के लिए शासन और जिला प्रशासन ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है।

इसी बीच प्रदेश के डिप्टी सीएम और गृह मंत्री विजय शर्मा, वित्त मंत्री ओपी चौधरी शुक्रवार को सरगुजा पहुंचे। निरीक्षण उपरान्त पत्रकारों से चर्चा करते हुए डिप्टी सीएम व प्रदेश के गृह मंत्री श्री शर्मा ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार ने यह निर्णय लिया था कि पहली कैबिनेट की बैठक में पहला प्रस्ताव होगा कि 18 लाख आवास गरीबों को दिया जाएगा। प्रदेश की विष्णुदेव साय सरकार ने फैसला किया और वित्तमंत्री ओपी चौधरी ने खुले हाथों से गरीबों को राशि उपलब्ध कराने की बात कही और इसके लिए 2 हजार 1 सौ करोड़ का प्रस्ताव बजट में लाया गया। भाजपा ने जनता के साथ मिलकर मोर आवास-मोर अधिकार के नाम पर संघर्ष किया था। इस बार जब केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान आएंगे तो प्रदेश की जनता को वो 2.47 लाख आवास तो देंगे ही जिसे पूर्व की कांग्रेस सरकार ने रोक दिया था इसके साथ ही 8.47 लाख, 3 हजार 3 हजार के साथ ही 3 लाख समेत कुल 18 लाख आवास देंगे। इतने आवास मिलने के बाद 2011 की सर्वे सूची में शामिल सभी हितग्राहियों को आवास मिल जाएगा और प्रदेश में कोई प्रतीक्षा सूची बाकी नहीं रहेगी। इसके साथ ही नए आवासों के सर्वे का काम भी चल रहा है और अब तक प्रदेश में 20 लाख से अधिक नए लोगों के नाम जुड़ गए है। इस दौरान पीजी कॉलेज मैदान में उन्होंने मोर आवास-मोर अधिकार कार्यक्रम को लेकर चल रही तैयारियों का जायजा लिया। पीजी कॉलेज परिसर में कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण करते हुए मंत्रियों ने कुर्सी, टेबल, पंखा, कूलर, पेयजल, वीआईपी दीर्घा, साउंड सिस्टम और बिजली आपूर्ति, विभिन्न विभागीय स्टॉल , ग्रीन रूम, मंच, पार्किंग जैसी अन्य सुविधाओं को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए, उन्होंने सभी व्यवस्थाएं समय पर और व्यवस्थित ढंग से पूरी की करने को कहा, ताकि कार्यक्रम में किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। गृह मंत्री श्री शर्मा ने कहा कि यह कार्यक्रम गरीबों को उनका आवासीय अधिकार देने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की सरकार आमजन, विशेष रूप से गरीबों, किसानों और महिलाओं के कल्याण के लिए पूरी तरह समर्पित है। मोर आवास मोर अधिकार उसी प्रतिबद्धता का सशक्त उदाहरण है। इस दौरान मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े, विधायक राजेश अग्रवाल, लुण्ड्रा विधायक प्रबोध मिंज, सीतापुर विधायक रामकुमार टोप्पो, प्रेमनगर विधायक भूलन सिंह मरावी, सामरी विधायक श्रीमती उद्धेश्वरी पैकरा, जशपुर विधायक श्रीमती रायमुनि भगत, महापौर श्रीमती मंजूषा भगत, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल अध्यक्ष अनुराग सिंहदेव, भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया, आयुक्त आवास एवं मनरेगा तारण प्रकाश सिन्हा, सरगुजा संभागायुक्त नरेन्द्र कुमार दुग्गा, आईजी दीपक कुमार झा, कलेक्टर, एसपी राजेश कुमार अग्रवाल सहित सम्भाग के सभी जिला पंचायत सीईओ एवं आला अधिकारी उपस्थित रहे।


तैयारियों को लेकर चर्चा करते डिप्टी सीएम, वित्त मंत्री व अन्य।

### डिप्टी सीएम ने ली बैठक

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान के आगमन को लेकर डिप्टी सीएम विजय शर्मा और प्रभारी मंत्री ओपी चौधरी ने जिले के अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान डिप्टी सीएम ने कहा कि सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर सुनिश्चित की जाए तथा शासन-प्रशासन आपसी तालमेल के साथ कार्य करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाएं। वहीं वित्त मंत्री श्री चौधरी ने कहा कि सभी अधिकारी-कर्मचारी सौंपे गए दायित्वों का पूरी गंभीरता से निर्वहन करें। उन्होंने कार्यक्रम की गरिमा को ध्यान में रखते हुए सभी तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में अधिकारियों ने तैयारियों की जानकारी प्रदान की।






9 Ambikapur-pg 3-0_Layout 1 5/9/2025 9:14 PM Page 1



## खबर संक्षेप



### कन्हर वैली पब्लिक स्कूल के छात्रों का हुआ नवोदय के लिए चयन

**रामानुजगंज।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित पांचवी तथा आठवीं की बोर्ड परीक्षा में कन्हर वैली पब्लिक स्कूल रामानुजगंज के छात्रों ने शानदार सफलता अर्जित करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया है। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि कक्षा आठवीं का औसत परीक्षाफल 88.4 प्रतिशत तथा कक्षा पांचवी का 84 प्रतिशत रहा है। साथ ही तीन छात्रों का चयन नवोदय विद्यालय में भी हुआ है। कक्षा पांचवी में समृद्धि गुप्ता आ. अमित गुप्ता 96 प्रतिशत, नीतीश शर्मा आ. धनंजय शर्मा 94 प्रतिशत, संध्या दिनकर आ. नंद किशोर दिनकर 94 प्रतिशत वही कक्षा आठवीं में अनुष्का गुप्ता आ. मनीष गुप्ता 94 प्रतिशत, आराध्या यादव आ. अखिलेश यादव 94 प्रतिशत, पलक गुप्ता आ. विनय गुप्ता 93 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। प्रबंधन ने इस सफलता का श्रेय छात्रों, पालकों व शिक्षकों को दिया है।

### ग्राम पंचायतों में आयोजित की गई विशेष ग्राम सभा



**सोनगरा।** आज विशेष ग्राम सभा विभिन्न पंचायतों मे आयोजित किया गया। विशेष पिछड़ी जनजातियों से सम्बंधित राजस्व अभिलेख उपलब्ध नहीं होने के कारण जाति प्रमाण पत्र जारी करने मे समस्या होने पर विशेष ग्राम सभा का आयोजन ग्राम पंचायत झींगादोहर में किया गया। विशेष पिछड़ी जाति पंडो जनजातियों के जाति सम्बन्धी राजस्व अभिलेख नहीं होने के कारण पंडो जनजाति के ग्रामीण जूझ रहे थे। आज विशेष ग्राम सभा आयोजित कर अनुविभागीय अधिकारी के मार्गदर्शन मे भूमिहीन पंण्डो जनजातियों के जाति प्रमाण बनाये जाने हेतु प्रस्ताव पारित किया गया। ग्राम सभा द्वारा लगभग 15 परिवारों के लिए प्रस्ताव पारित किया गया, जिसमें लगभग 30 से 35 सदस्य जाति प्रमाण पत्र हेतु इस प्रस्ताव से लाभान्वित होंगे। ग्राम सभा में नवनिर्वाचित सरपंच श्रीमती सोनमणि, पटवारी राजलाल भगत, सचिव कमलभान सिंह, पंच जगरनाथ, बिदुर, संतलाल, शान्ति कमला, राजकलिया, श्रीलाल सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

### घर में अंग्रेजी शराब ब्रिकी कर रहा युवक गिरफ्तार

**अम्बिकापुर।** उत्तरप्रदेश से अंग्रेजी शराब लाकर घर में ब्रिकी कर रहे युवक को संभागीय उड़न दस्ता की टीम ने न सिर्फ गिरफ्तार किया बल्कि उसे पास से 20 लीटर शराब जब्त किया है। टीम ने युवक को न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया है। जानकारी के अनुसार बलरामपुर जिले के डिन्डो क्षेत्र में संभागीय उड़नदस्ता टीम गश्त कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता को सूचना मिली कि थाना त्रिकुण्डा अंतर्गत खडिकापारा डिंडो निवासी मनराज अपने घर से उत्तर प्रदेश राज्य की शराब बेच रहा है। सूचना पर आबकारी उड़नदस्ता टीम खडिकापारा स्थित मनराज के घर पहुंची। मनराज के घर की तलाश में 122 पाव अंग्रेजी शराब जब्त किया। टीम ने आरोपी मनराज के विरूद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(1), 34(2), 36 एवं 59 (क) के तहत अपराध दर्ज कर अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। कार्रवाई में आबकारी उप निरीक्षक टीआर केहरी, आबकारी मुख्य आरक्षक कुमारु राम, अशोक सोनी, नगर सैनिक गणेश पांडे, रणविजय सिंह, ओमप्रकाश गुप्ता, नगर महिला सैनिक राजकुमारी एवं संगीता उपस्थित रहे।

## रजिस्ट्री से संबंधित 10 क्रांतिकारी नवाचारों पर कार्यशाला में उप मुख्यमंत्री ने दी जानकारी

# रजिस्ट्री एवं नामांतरण के लिए नागरिकों को नहीं पड़ेगा भटकना : डिप्टी सीएम

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**

- पारिवारिक दान, हकत्याग व बंटवारे पर पंजीयन शुल्क पांच सौ रूपए

प्रदेश के डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने कहा कि राज्य शासन द्वारा रजिस्ट्री प्रणाली में सुधार और नवाचार की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाया गया है। इस डिजिटल परिवर्तन से आम जनता को सबसे अधिक लाभ होगा। अब रजिस्ट्री के बाद नामांतरण के लिए नागरिकों को भटकना नहीं पड़ेगा, यह प्रक्रिया स्वतः और सुगमता से पूरी होगी। डिप्टी सीएम श्री शर्मा उक्त बातें शुक्रवार को सीएम विष्णुदेव साय द्वारा सुशासन तिहार में प्रदेश वासियों को दिए गए 10 क्रांतिकारी नवाचारों पर जिला स्तरीय कार्यशाला में कही।



कार्यशाला को संबोधित करते डिप्टी सीएम विजय शर्मा।

उन्होंने कहा कि परंपरागत व्यवस्था में रजिस्ट्री तो हो जाती थी लेकिन नामांतरण की प्रक्रिया के लिए लोग महीनों और वर्षों तक परेशान होते थे। तहसील कार्यालयों के चक्कर लगाते थे, साक्ष्य और दस्तावेजों के अभाव में व्यक्ति न्यायालय और पुलिस के बीच फंसा रहता था। अब एकीकृत और पारदर्शी व्यवस्था के तहत यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि जैसे ही रजिस्ट्री हो, नामांतरण की प्रक्रिया भी तुरंत शुरू हो जाए। इससे न्यायालयों में लंबित मामलों की संख्या भी घटेगी और जनता को त्वरित न्याय मिलेगा। उन्होंने बताया कि शासन द्वारा बनाए गए डिजिटल डाटाबेस को पूरी तरह सुरक्षित रखा जाएगा और यह डाटा केवल सरकारी स्वामित्व में रहेगा। इस प्रणाली से फर्जीवाड़ा, भ्रष्टाचार और दलालों की भूमिका समाप्त होगी। वित्त व जिले के प्रभारी मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि केन्द्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में सरकार चल रही है, जो पूरी तरह से गर्वनेंस को समर्पित सरकार है, शासन द्वारा गर्वनेंस स्थापित करने पर फोकस किया जा रहा है। उसी से प्रेरणा लेकर हमारे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में सरकार पूरी तरह समर्पित होकर सुशासन स्थापित करने, भ्रष्टाचार के मौके कम करने और लोगों को ज्यादा से ज्यादा सुविधाएं प्रदान करने के लिए समर्पित होकर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि आप सब लोग जानते हैं कि पंजीयन का काम जीवन में महत्वपूर्ण होता है। रजिस्ट्री की जटिल प्रक्रिया के वजह से पंजीयन के समय दिक्कतों और परेशानियों का सामना भी करना पड़ता है। रजिस्ट्री प्रक्रिया को सरल और आसान बनाने के लिए सुगम ऐप लॉन्च किया गया, जिसके माध्यम से जमीन का अक्षांश देशांतर की स्थिति और भूमि की वास्तविक अवस्थिति दर्ज हो जाती है। रजिस्ट्री अधिनियम 1908 का बनाया गया था तथा इसका विषयवस्तु वर्तमान समय की जरूरतों से मेल नहीं खाता था जैसे कि गोदनामा विलेख पंजीयन प्रावधान में केवल पुत्र शब्द था क्यों कि उस समय पुत्री के गोद लेने का प्रचलन नहीं था। हमने रजिस्ट्री नियम का व्यापक अध्ययन कर इसके प्रावधानों को वर्तमान के जरूरतों के अनुरूप अनूकूलन बनाया। रजिस्ट्री प्रक्रिया में टेक्नॉलाजी का अधिक से अधिक समावेश करते हुए और मानवीय हस्तक्षेप को सीमित करते हुए ये 10 नए क्रांतियुक्त नवाचार विकसित किए गए है। उन्होंने कहा कि सरकार ने पंजीयन विभाग में अनेक सुधार किए हैं। अब आमजनता को काम के लिए बार-बार कार्यालयों के चक्कर लगाने की जरूरत नही पड़ेगी। पारिवारिक दान, हक त्याग और बंटवारे पर पंजीयन शुल्क केवल 5 सौ रुपए कर दिया गया है। डिजिटल गवर्नेस को बढ़ावा देते हुए सुगम एप के माध्यम से 2 लाख से अधिक संपत्तियों की जियो टैगिंग सुनिश्चित की गई है। इससे संपत्ति की पहचान और सुरक्षा सुनिश्चित हुई है। गाइडलाइन मूल्य से अधिक विक्रय पर पंजीयन शुल्क माफ कर मध्यम वर्ग को राहत प्रदान की गई है। विभागीय सेटअप बढ़ाया गया है। डिजिटल गवर्नेंस का बेहतरीन उदाहरण इन 10 क्रांतिकारी पहल में है जो पंजीयन विभाग के माध्यम से किए गए हैं। उन्होंने राजस्व विभाग के अधिकारियों को कहा कि इसको आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी आप सभी की है, आप सब मिलकर इस नवाचार की प्रक्रिया को आगे बढ़ाएं। यह केवल पंजीयन विभाग ही काम नहीं है, यह जनता के लिए समर्पित कार्य है। इसे सकारात्मक तरीके से प्राथमिकता के साथ जिले में लागू करें। यह शासन की प्राथमिकता का कार्य है, जनता से सम्बंधित कार्य है। आपसी समन्वय से गम्भीरता के साथ कार्य करके इसे सफल बनाना है। इस दौरान कैबिनेट मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े, विधायक राजेश अग्रवाल, लुण्ड्रा विधायक प्रबोध मिंज, सीतापुर विधायक रामकुमार टोप्पो, सामरी विधायक श्रीमती उद्धेश्वरी पैकरा, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती निरूपा सिंह, महापौर श्रीमती मंजूषा भगत, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल अध्यक्ष अनुराग सिंहदेव, आयुक्त आवास एवं मनरेगा तारण प्रकाश सिन्हा, कलेक्टर, जिपं सीईओ विनय कुमार अग्रवाल, अपर कलेक्टर सुनील नायक, ननि कमिश्नर डीएन कश्यप, स्थानीय जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी सहित मीडिया के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### ये है 10 नए परिवर्तन

आधार आधारित प्रमाणीकरण सुविधा- पंजीयन साफ्टवेयर को आधार लिंक किया गया है, पंजीयन के समय क्रेता-विक्रेता एवं गवाहों की पहचान आधार रिकार्ड के माध्यम से की जाएगी जिससे गलत व्यक्ति को खड़े कराकर पंजीयन नही हो सकेगा। आम जनता को फर्जीवाडे का शिकार नही होना पड़ेगा।

**ऑनलाईन सर्च एवं डाउनलोड की सुविधा** - आम आदमी वर्षों की जमा पूंजी लगाकर स्वयं का घर खरीदते है, इसलिए संपत्ती खरीदने से पहले पूरी जांच पड़ताल आवश्यक है। अभी रजिस्ट्री की जानकारी के लिए पंजीयन कार्यालय में स्वयं या वकील के माध्यम से उपस्थित होकर सर्च करना पड़ता है, ऑनलाईन सर्च का प्रावधान होने से खसरा नंबर डालते ही उस खसरे के पूर्व के समस्त लेनदेन की जानकारी एक क्लिक पर प्राप्त हो सकेगी।

**भारमुक्त प्रमाण पत्र की सुविधा** - भार मुक्त प्रमाण पत्र एक बहुत ही आवश्यक प्रमाणपत्र है जो संपत्ति खरीदने के पूर्व उसकी जानकारी उपलब्ध कराता है। यह प्रमाणपत्र अब ऑनलाइन ही प्रदाय किया जा सकेगा।

**एकीकृत कैशलेस भुगतान की सुविधा**- पहले रजिस्ट्री कराने के लिए स्टाम्प शुल्क और पंजीयन शुल्क का अलग अलग जगह और समय पर भुगतान करना पड़ता था। अब स्टाम्प एवं पंजीयन शुल्क को एक साथ लिये जाने के लिए एकीकृत कैशलस सिस्टम तैयार किया गया है। स्टाम्प एवं पंजीयन शुल्क का एकसाथ सुविधानुसार क्रेडिट डेबिट कार्ड, पीओएस मशीन, नेट बैंकिंग अथवा यूपीआई से फीस का भुगतान हो सकेगा।

**व्हाट्सएप मैसेज सर्विसेज** - व्हाट्सएप आज के समय में सर्वाधिक उपयोग हो रहा सोशल मीडिया प्लेटफार्म है। पंजीयन कराने वाले क्रेता-विक्रेता को अपॉइंटमेंट सहित पंजीयन होने तक सभी प्रकार के अपडेट एवं एलर्ट व्हाट्सएप में ही प्राप्त होंगे। रजिस्ट्री की प्रति भी व्हाट्सएप से ही डाउनलोड हो जायेगी। इस सुविधा के माध्यम से फीडबैक एवं शिकायतें भी व्हाट्सएप के माध्यम से की जा सकेंगी।

**डिजीलॉकर की सुविधा** - रजिस्ट्री दस्तावेजों को डिजिलॉकर में सुरक्षित स्टोर किया जाएगा, ताकि आवश्यकता पड़ने पर पक्षकार को आसानी से डिजीटल प्रमाणित दस्तावेज उपलब्ध हो जाए।

**आटो डीड जनरेशन की सुविधा** - जनता की सुविधा के लिए रजिस्ट्री को पेपरलेस बनाया गया है। ऑनलाइन दस्तावेज प्रारूप का चयन कर पक्षकार और संपत्ति विवरण दर्ज करने पर स्वतः ही दस्तावेज तैयार हो जाएगा। वही दस्तावेज पेपरलेस होकर उप पंजीयक को ऑनलाइन प्रस्तुत होगा।

**डिजी डॉक्यूमेंट की सुविधा** - कुछ दस्तावेज जिसमें स्टाम्प लगाना आवश्यक है, परन्तु पंजीयन अनिवार्य नहीं है जैसे कि शपथ पत्र, अनुबंध पत्र ।इनका प्रारूप ऑनलाईन डिजी डॉक्यूमेंट से तैयार कर स्टाम्प शुल्क भी डिजिटल रूप से चुकाया जा सकेगा। दस्तावेज तैयार करने और स्टाम्प के लिए अलग-अलग जगह जाने की आवश्यकता नहीं है।

**घर बैठे रजिस्ट्री की सुविधा** - जनता की सुविधा के लिए रजिस्ट्री को पेपरलेस किया गया है। दस्तावेज का प्रारूप चयन करने से ऑनलाइन दस्तावेज तैयार हो जाएगा स्टाम्प और पंजीयन फीस ऑनलाइन चुकाकर पक्षकार पंजीयन के लिए अपॉइंटमेंट लेकर घर बैठे ही आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से पंजीयन करा सकेंगे। रजिस्ट्री पूर्ण होते ही दस्तावेज स्वतः ही ऑनलाइन प्राप्त हो जाएगा।

**स्वतः नामांतरण की सुविधा** - अचल संपत्ति खरीदने के लिए पंजीयन कराया जाता है। उसके बाद उसे राजस्व रिकार्ड में अद्यतन कराना पड़ता हैं, नामांतरण की इस प्रक्रिया में महीने लग जाते थे, इस बीच वही संपत्ति अन्य को बेच दिये जाने पर पीड़ति पक्षकारों को न्याय के लिए वर्षों इंतजार करना पड़ता है। अब पंजीयन के तुरंत बाद ही स्वतः नामांतरण होने से न केवल समय की बचत होगी बल्कि आम जनता को फर्जीवाडे का शिकार भी नही होना पड़ेगा। अंत में महानिरीक्षक पंजीयन के द्वारा धन्यवाद ज्ञापन कर कार्यक्रम का समापन किया गया ।

## छह महीने पहले पुलिया निर्माण के लिए खोदी नींव, अब तक नहीं हुआ काम

- सरपंच सचिव ने निकाल ली राशि, गाम पंचायत भूसु का मामला

**सीतापुर।** दूरस्थ गांवों को पिछड़ेपन से मुक्ति दिलाने के लिए शासन द्वारा करोड़ो रूपए की सौगातें दी जा रही है लेकिन अधिकारियों की लापरवाही और मनमानी के कारण क्षेत्रों का विकास नहीं हो पा रहा है। ग्राम पंचायतों में सरपंच-सचिव बेखौफ होकर सरकार के पैसों को हजम करने में लगे हुए है। बड़ी बात यह है कि सरपंच, सचिव को संबंधित विभागीय अधिकारियों की भी छूट मिली हुई है जिससे उनका मनोबल बढ़ गया है और यही वजह है कि ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादों सुविधाओं का विस्तार होने के बदले स्थिति जस की तस बनी हुई है। सरपंच सचिव की मनमानी और विकास कार्यों की आड़ में शासकीय राशि के गबन का ताजा मामला ग्राम पंचायत भूसु में सामने आया है। जहां सरपंच रामभगत लकड़ा और सचिव सुरेन्द्र टोप्पो ने मिलकर निर्माण की आड़ में लागों रूपए की हेराफेरी कर ली।

बता दें कि वर्ष 2024 में ग्राम पंचायत भुसु डोमनीपारा में सरगुजा विकास प्राधिकरण मद से पुलिया निर्माण हेतु सात लाख रूपए की स्वीकृति मिली थी। इस राशि में से लगभग तीन लाख रूपए सरपंच सचिव ने मिलकर पंचायत चुनाव से पूर्व आहरण कर बंदरबांट कर लिया था। पंचायत चुनाव से पूर्व सरपंच सचिव द्वारा पुलिया निर्माण के आड़ में इतनी बड़ी राशि आहरण करने का मकसद केवल गबन करना था। लाखों रुपए आहरण करने के बाद सरपंच सचिव ने लोगो की आंखों में धूल झोंकने के लिए डोमनीपारा सड़क के बीचोबीच नींव खोदकर छोड़ दिया ताकि ग्रामवासियों को लगे कि डोमनीपारा सड़क पर बनने वाले पुलिया का निर्माण कार्य प्रगति पर है जबकि सड़क पर नींव खोदे छः माह होने को है



लेकिन वहां निर्माण कार्य के नाम पर कोई भी काम नहीं हुआ है। ऐसे में लोगो का डोमनीपारा आना जाना मुश्किल हो गया है। लोग मजबूरी में खेत की पगडंडी से आना जाना करते है जो बारिश की वजह से कीचड़ में तब्दील हो गया है। ऐसी स्थिति में वहां लोगो को हमेशा दुर्घटना की चिंता सताते रहती है। ग्रामीणों ने कई बार सचिव से अधूरे पड़े पुलिया निर्माण कार्य को पूरा कराने की मांग की।लेकिन निर्माण कार्य की राशि सरपंच सचिव द्वारा गबन कर लेने के कारण न पैसा बचा है और ना ही काम शुरू हो रहा है। इस मामले में संबंधित अधिकारियों का रवैया भी हैरान करने वाला है। छः माह पहले खोदी गई नींव के बाद अधिकारियों ने निर्माण कार्य की प्रगति देखना तक गवारा नहीं समझा। संबंधित अधिकारी अगर चाह लेते तो नींव की जगह अब तक वहां पुलिया बन गया होता। इस अधूरे पड़े पुलिया निर्माण को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश है। उन्होंने विकास कार्य को ठप्प करते हुए पुलिया निर्माण की आड़ में राशि गबन करने वाले सरपंच रामभगत लकड़ा एवं सचिव सुरेंद्र टोप्पो के विरुद्ध जांच एवं कार्रवाई व अधूरे पुलिया निर्माण को पूर्ण करने की मांग की है। इस संबंध में सीईओ एसके मरकाम ने बताया कि वो अधिकारियों को भेजकर मामले की जांच करायेंगे। पुलिया निर्माण कार्य में लापरवाही बरतने वाले के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

### करंजी साइडिंग में स्वास्थ बिगड़ने से ट्रक चालक की मौत

**बिश्रामपुर।** करंजी कोयला साइडिंग में कोयला खाली करने पहुंचे ट्रक चालक की अचानक स्वास्थ्य बिगड़ने से अस्पताल ले जाने दौरान मौत हो गई है। बिश्रामपुर पुलिस ने बताया कि सुरजपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम तिलसीवा माझीपारा निवासी 45 वर्षीय सुखसागर सिंह पिता पुरन गोंड बुधवार की सुबह कोयला खाली करने ट्रक को लेकर करंजी साइडिंग गया था।वहां पर सुबह करीब नौ बजे अचानक चालक का स्वास्थ्य खराब होने पर उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बिश्रामपुर लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने शव का पंचनामा व पीएम होने उपरांत मामले में मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी है। चालक की मौत की असली वजह फिलहाल स्पष्ट नहीं हो सकी है, पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही वस्तुस्थिति स्पष्ट होने की बात पुलिस द्वारा कही गई है।

## ग्राम सुराज में शिकायत के बाद वन विभाग डाल रहा पर्दा, ग्रामीणों को कर रहा गुमराह

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

- कार्रवाई की डर से मनमानी बनाते हैं पंचनामा

हाथियों की उत्पात से कई वर्षों से ग्रामीण जहां परेशान है। वही हाथियों द्वारा फसलों के नुकसान का मुआवजा ग्रामीणों को नहीं मिलने से वन विभाग के खिलाफ आक्रोश है। वन विभाग को कई बार सूचना देने के बाद भी आज तक फसल नुकसान का मुआवजा कई किसानों को नहीं मिल पाया है।

फसल क्षति का हाथी लगभग 20 से 25 की संख्या ग्राम मसगा बीते वर्ष सितंबर में खरीफ फसल रोपा धान को नुकसान पहुंचाया गया था जिसका मौका निरीक्षण संबंधित बीट गार्ड वनरक्षक द्वारा



अशोक कुमार जायसवाल, विकास कुमार, मीना देवी का फसल क्षति का आकलन करने पश्चात आवेदन दिया था। इस संबंध में वनरक्षक के पास में कई बार संपर्क कर जानकारी देने के बावजूद भी आज तक किसी प्रकार का छतिपूर्ति नहीं प्राप्त होने के कारण ग्रामीणों ने ग्राम स्वराज में नुकसान एवं क्षतिपूर्त नहीं मिलने के कारण शिकायत दर्ज किए हैं। क्षतिपूर्ति नहीं प्राप्त होने की शिकायत सुशासन तिहाड़ में आवेदन दिया गया है। शिकायत के बाद वनपाल द्वारा 29 अप्रैल को ग्राम मसगा में उपस्थित होकर पंचनामा तैयार कर कार्यालय को अवगत करा राशि आपके खाते में स्वयं आ जाएगा ऐसा जानकारी दिया गया। आनन फानन में वन विभाग ने पंचनामा बना लिया। हालांकि ग्राम सुराज में शिकायत व कार्रवाठ के डर से खानापूर्ति की जा रही है। ज्ञात हो हाथियों की समस्या से प्रतापपुर विकासखंड के ग्रामीणों को दिक्कतों सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों को फसलों का नुकसान प्राप्त नहीं होने के कारण ग्रामीणों में आक्रोश।

इस संबंध में रेंजर उत्तम मिश्रा ने बताया कि मामला को दिखवाता हुं अगर ग्रामीणों ने पूर्व में ही शिकायत किया है तो अब तक क्षतिपूर्ति क्यों नहीं वनरक्षक द्वारा बनाया गया। इस पर कार्रवाई की जाएगी।

## मुख्यमंत्री ने पुलिस के साइबर सुरक्षा, ट्रैफिक नियमों की लघु वीडियो को सराहा

- कहा आधुनिक दौर में समाज में जागरूकता फैलाने का है यह सशक्त जरिया

**सूरजपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सुशासन तिहार के तृतीय चरण में 8 एवं 9 मई को जिले के प्रवास पर लोगों की समस्याओं को सुनने और उसके समाधान करने के साथ ही विभागीय समीक्षा बैठक ली। शुक्रवार को जिला प्रशासन व पुलिस द्वारा साइबर सुरक्षा को मजबूत कर आमजनता को साइबर अपराध से बचाव, यातायात नियमों का पालन, अपराध से बचाव, नशे के उपयोग से बचने सहित अन्य विषयों पर आकर्षक शॉट विडियो को मुख्यमंत्री ने न केवल बड़े आत्मीयता से देखा बल्कि पुलिस की इस पहल को सराहा। उन्होंने कहा कि आज के आधुनिक दौर में आमजनता की सुरक्षा से जुड़ी विषयों व समाज में जागरूकता फैलाने का यह सशक्त जरिया है। आपकी सतर्कता और हमारी सजगता ही साइबर ठगी का सबसे बड़ा तोड़ है। बता दे कि एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने जिले में साइबर अपराध, ट्रैफिक नियमों व नशे की कुरीति से बचाव की दिशा में सार्थक कदम उठाते हुए इन विषयों पर लघु वीडियो बनवाया है ताकि इसके माध्यम से समाज के सभी लोगों को जागरूक किया जा सके। लघु विडियो में एएसपी संतोष महतो, डॉ. राहुल पारीक, श्रुति सिंह, हेमा शुक्ला, अमनजीत महंत की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। इस दौरान महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े, जनप्रतिनिधि, जिला प्रशासन, पुलिस के अधिकारी मौजूद रहे।



### कांग्रेस पार्षद अपने कार्यकाल की कमियों को कर रहे उजागर, जल्द होगा समस्याओं का समाधान

# महापौर ने किया मायापुर पानी टंकी का निरीक्षण, कहा- आंदोलन करना निराधार था

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शहर के मायापुर टंकी का मोटर पंप जलने से क्षेत्र में प्रभावित हुई पेयजल आपूर्ति और कांग्रेस पार्षद द्वारा किए गए धरना प्रदर्शन के बाद ननि महापौर श्रीमती मंजूषा भगत ने भी मायापुर पानी टंकी का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि क्षेत्र में पानी की आपूर्ति जारी थी, एक मोटर पंप जलने से कुछ कम मात्रा में सप्लाई हो रही थी लेकिन सभी वार्डों में पानी उपलब्ध कराया जा रहा था। कांग्रेस पार्षद अपने सरकार के कार्यकाल की कमियों को उजागर कर रहे है।

बता दें कि पिछले दिनों शहर के गुरुद्वारा वार्ड क्रमांक 36 में स्थित मायापुर पानी टंकी में कांग्रेस पार्षद मेराज रंगरेज व वार्डवासियों द्वारा पेयजल आपूर्ति की समस्या को लेकर धरना प्रदर्शन किया था। पार्षद व वार्डवासियों का कहना था कि उन्हें 28 अप्रैल के बाद से पानी उपलब्ध नहीं हो पा रहा है जबकि उनके ही वार्ड में दो दो पानी टंकियां है जिससे आधे शहर में पानी की सप्लाई होती है। वार्ड में पानी सप्लाई नहीं होने से लोगों में खासा आक्रोश था। इस दौरान निगम की ओर से भी यह जानकारी सामने आई कि एक मोटर पंप जलने के कारण पानी सप्लाई में थोड़ी दिक्कत आई है। इस बीच पानी की समस्या



को लेकर महापौर श्रीमती मंजूषा भगत ने मायापुर पानी टंकी का निरीक्षण कर जल सप्लाई के कार्यों का जायजा लिया। इस दौरान मेयर ने कहा कि 30 अप्रैल की रात एक मोटर पम्प जल गया था जिससे कुछ क्षेत्रों में कम मात्रा में पेयजल की सप्लाई हुई। वर्तमान में सभी मोटर पंप संचालित हैं एवं पेयजल की सप्लाई सुचारू रूप से चालू हो गयी है। मायापुर पानी टंकी से 17 वार्डों में पेयजल सप्लाई किया जाता है उन वार्डों से कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। कांग्रेसी पार्षद द्वारा आंदोलन करना निराधार था। हमें सत्ता में बैठे केवल 2 माह ही हुए हैं। विपक्षी दल के द्वारा अपने 10 वर्ष की कमियों को उजागर किया जा रहा है परंतु हम जल्द ही सभी समस्याओं का समाधान करेंगे। हमने जल समस्या वाले क्षेत्रों का चिन्हांकन कर लिया है, उन क्षेत्रों में सुचारू पेयजल व्यवस्था हेतु 3 पानी टंकियों के निर्माण, पाईप लाईन का विस्तारीकरण एवं नए मोटर पंपों के क्रय हेतु प्रपोजल तैयार कर सिटी डेव्हलपमेंट प्लान (सीडीपी) में शामिल किया है। वैकल्पिक व्यवस्था के तहत संकटग्रस्त क्षेत्रों में टैंकरों के माध्यम से सप्लाई कराई जाएगी। इसके साथ ही सांसद चिंतामणि महाराज द्वारा नगर निगम को 14 टैंकर प्रदान किया जा रहा है, जिससे संकटग्रस्त क्षेत्रों में पेयजल की आपूर्ति हेतु टैंकरों की कमी भी दूर होगी। निरीक्षण के दौरान जल प्रदाय विभाग के प्रभारी जितेन्द्र सोनी, एमआईसी सदस्य शशिकांत जायसावाल, श्रीमती प्रियंका गुप्ता, नकुल सोनकर, विकास गुप्ता सहित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।



## मुख्यमंत्री ने रक्तदान करने वाले पुलिस अधिकारी, नागरिकों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सुशासन तिहार के तृतीय चरण में 9 मई को जिले के प्रवास के दौरान भारतीय रेडक्रास सोसायटी के सहयोग से कराए गए रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं को सम्मानित किया है। 7 मई को रक्तदान शिविर में पुलिस के अधिकारी व जवानों ने रक्तदान किया था। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा रेडक्रास सोसायटी के पदाधिकारियों की मौजूदगी में रक्तदान करने वाले अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो, थाना प्रभारी विमलेश दुबे व यातायात प्रभारी बृज किशोर पाण्डेय सहित अन्य नागरिकों को प्रशिस्त पत्र देकर सम्मानित किया।

इस अवसर महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े, जनप्रतिनिधि, जिला प्रशासन, पुलिस के अधिकारी मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### सेवानिवृत्त कोल अधिकारियों को आवास खाली करने दिया गया अंतिम अवसर

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल बिश्रामपुर के क्षेत्रीय प्रबंधन ने तीन रिटायर अधिकारियों को कंपनी आवास सम्मानपूर्वक खाली करने का अंतिम अवसर प्रदान करते हुए संबंधितों को नोटिस जारी किया है।बताया गया कि एसईसीएल के टूए कॉलोनी के 56 नंबर आवास को रिटायरमेंट के बाद भी करीब एक वर्ष से अधिक समय से सहायक प्रबंधक समसुद्दीन खान ने कम्पनी आवास खाली नहीं किया है।इसी प्रकार टूए 90 नंबर आवास को रिटायर अधिकारी सहायक प्रबंधक विद्युत आरएस असाटी ने भी रिटायरमेंट के बाद लंबे समय से आवास में ही रह रहे हैं है।इसी प्रकार रिटायर को अधिकारी प्रबंधक खनन आर एन पाठक टूए 149 नंबर में लंबे समय से रहकर अब तक क्वाटर को कम्पनी को हैंडओवर नहीं किये हैं।सुरक्षा विभाग ने इन तीनों रिटायर अधिकारियों को दो से अधिक बार कम्पनी आवास खाली कर प्रबंधन के सुपुर्द करने नोटिस जारी किया है, संबंधित कब्जाधारियों द्वारा नोटिस की अनदेखी करने से नाराज प्रबंधन द्वारा पुनः अंतिम नोटिस जारी कर सम्मानपूर्वक आवास खाली करने अंतिम अवसर देते हुए आवास खाली कर प्रबंधन को अविलंब सौंपने का निर्देश दिया है।बता दें कि बिश्रामपुर क्षेत्र के नगर प्रशासन के अधीन बाइस सौ से अधिक आवास निर्मित हैं जबकि कुमदा सहक्षेत्र में एक हजार एवं आर जी के सहक्षेत्र में कंपनी के तीन सौ के करीब सरकारी आवास निर्मित हैं जिसमें बड़ी संख्या में रिटायर अधिकारी कर्मचारी,पुलिस के अधिकारी कर्मचारी सहित बाहरी लोग अपना कब्जा जमाए हुए हैं।संबंधित लोग आवास में गैर कानूनी तरीके से रहते हुए बिजली पानी के बेजा उपयोग कर रहे हैं जिससे कंपनी को हर माह लाखों रुपये का नुकसान उठाना पड़ रहा है।

### बोलेरो पोकलेन मशीन से टकराई, तीन लोग जख्मी



**बिश्रामपुर।** अंबिकापुर -सिलफिली मुख्य मार्ग में कालीघाट के समीप सड़क निर्माण कार्य में लगी खड़ी चैन माउंटेन पोकलेन मशीन से टकरा कर बोलेरो वाहन क्षतिग्रस्त हो गई।बताया गया कि जयनगर निवासी भुनेश्वर सिंह,उनकी बहु सुनैना सिंह व परिवार के सदस्य वाहन में सवार होकर रिश्तेदार क़े विवाह समारोह से वापस जयनगर लौट रहे थे, इस दौरान प्रातः आठ बजे के करीब बोलेरो वाहन क्रमांक सीजी 15 सी डब्ल्यू 0379 के चालक रंजीत सिंह को अचानक झपकी आ जाने से वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़ी चैन माउंटेन पोकलेन मशीन से टकराकर क्षतिग्रस्त हो गई।हादसे में भुनेश्वर सिंह,सुनैना सिंह और चालक रंजीत को सिर में चोटें आई हैं।एक्सीडेंट होने के बाद जयनगर पुलिस की पेट्रोलिंग वाहन के मौके पर पहुंच जाने के बाद घटना में आहत लोगों को उपचार हेतु मिशन अस्पताल अंबिकापुर में भर्ती कराया गया है।

### घर के बाहर खड़े ट्रैक्टर को चोरों ने किया पार

**सीतापुर।** नगर समेत ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार चोरी की बढ़ती घटना ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। लोग अपनी जानमाल की सुरक्षा को लेकर बेहद चिंतित होने लगे है। बाइक चोरियों के बाद अब चोरों ने ट्रैक्टर चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। बताया जा रहा है कि मैनपाट के ग्राम कमलेश्वरपुर निवासी बरकत खान ने अपने ट्रैक्टर को घर के बाहर खड़ा किया था। इस दौरान देर रात अज्ञात चोरो ने ग्रामीण के ट्रैकर को पार कर दिया। चोर शातिर तरीके से ग्रामीण की ट्रैक्टर को लेकर फरार हो गए और घर के अन्दर मौजूद लोगों को इसकी जानकारी तक नहीं लग पाई। इस घटना के बाद ग्रामीण ने मामले की शिकायत पुलिस से की है लेकिन घटना को लेकर पुलिस की कार्यप्रणाली और रात्रि गश्त को लेकर सवाल उठने लगे है।

### अज्ञात कारणों से ग्रामीण ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

**बिश्रामपुर।** नाराज होकर घर से निकले ग्रामीण ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है।जयनगर पुलिस ने बताया कि ग्राम राजापुर गेल्हारीपारा निवासी 47 वर्षीय धरम पाल पिता स्व. भजू सिंह गोंड ने बीती रात किसी बात से क्षुब्ध होकर घर से निकला था, ग्रामीण का शव बुधवार को उसके पंप घर के पास आम के पेड़ पर लटका पाया गया है। सूचना पर पुलिस ने शव का पंचनामा व पीएम होने उपरांत शव को परिजन के सुपुर्द कर मामले में मर्ग कायम करते हुए विवेचना शुरू कर दी है।

हरिभूमि बिलासपुर नं. 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

## कर रहे थे चूना पत्थर का उत्खनन

# ग्रामीण की मौत के बाद उसकी जमीन हथियाने बनवा ली लीज

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

**खास बात**
- मौत के तीन साल बाद तैयार कराया दस्तावेज

जिले में दिन प्रतिदिन भू माफियाओं द्वारा भोले भाले ग्रामीणों को अपने जाल में फंसाकर उनकी जमीन हथियाने का मामला सामने आ रहा है और अब ऐसे माफियाओं पर जिला और पुलिस प्रशासन ने कार्रवाई भी तेज कर दी है। इस बीच क्षेत्र में ग्रामीण की जमीन का फर्जी तरीके से लीज लेकर क्रशर प्लांट संचालक द्वारा चूना पत्थर उत्खनन करने का मामला उजागर हुआ है। इस मामले में पुलिस ने भूमाफिया समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। बड़ी बात यह है कि आरोपियों ने भू-स्वामी की मौत के तीन साल बाद फर्जी कागजों के आधार पर उसके जमीन का लीज ले लिया था। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

बताया जा रहा है कि भाफौली निवासी 53 वर्षीया बृहस्पति आ. स्व. झाड़ी ने कलेक्टर व एसपी से शिकायत की थी की उसके पिता झाड़ी और चाचा खरीदू के नाम से बरियों चौकी अंतर्गत ग्राम बघिमा में सम्मिलित खाता में खसरा नम्बर 788, 789, 790, 791, 792 रकबा क्रमशः 0.60, 0.1420, 0.1540, 0.3840 एवं 0.740 हेक्टयर भूमि दर्ज है। महिला ने शिकायत की थी कि उसके पिता झाड़ी की मौत 26 नवंबर 2019 को हो गई थी लेकिन पिता की मौत के पिता और चाचा के नाम पर दर्ज भूमि को 26 जून 2023 को ग्राम बघिमा के क्रेशर प्लांट संचालक अम्बिकापुर कुंडला सिटी निवासी विजय कुमार अग्रवाल आ. राम निवास अग्रवाल द्वारा फर्जी दस्तावेजों के आधार पर लीज हासिल कर लिया गया है और उनकी जमीन पर कब्जा कर चूना पत्थर का उत्खनन किया जा रहा है। इस मामले में एसपी वैभव बैंकर द्वारा गंभीरता से जांच करने के निर्देश थाना प्रभारी को दिए गए थे। एसपी के निर्देश पर एएसपी विश्व दीपक त्रिपाठी, एसडीओपी याकूब मेमन के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा मामले की जांच की गई। जांच के दौरान यह बात सामने आई कि क्रेशर प्लांट संचालक विजय अग्रवाल की भूमि ग्रामीणों झाड़ी और खरीदू की जमीन से लगी हुई थी और इसी लिए उसकी नीयत बिगड़ गई। जमीन को हथियाने के लिए आरोपी ने अपने कर्मचारी के साथ मिलकर मृतक के परिवार के एक सदस्य को अपने झांसे में लिया और उसे सालाना 25 हजार रूपए देने का लालच दिया। लालच में आकर मृतक के रिश्तेदार ने भी अपना अंगूठा लगा दिया। आरोपियों ने भूमि स्वामी झाड़ी की 2019 में मौत के बाद 2023 में फर्जी तरीके से उसके नाम से जमीन को लीज में देने के दस्तावेज तैयार कराए। ऐसे में पुलिस ने आरोपी विजय कुमार अग्रवाल को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल करते हुए अरविन्द सारथी एवं जगरनाथ पोर्ते के साथ मिलकर जमीन का लीज निष्पादित कर कलेक्टर कार्यालय में चूना पत्थर उत्खनन करने हेतु करने की बात स्वीकार की। पुलिस ने मामले में अंबिकापुर कुंडला सिटी निवासी 40 वर्षीय विजय कुमार अग्रवाल आ. रामनिवास अग्रवाल, बघिमा निवासी 36 वर्षीय अरविन्द सारथी उर्फ नईहर साय आ. बहादुर सारथी व मृतक के रिश्तेदार बघिमा निवासी 36 वर्षीय जगरनाथ पोर्ते आ. सहाल राम को बीएनएस की धारा 318(4), 336 (3), 338,340 (2), 3 (5) एवं एसटी-एससी एक्ट की धारा 3(2) (वी) के तहत गिरफ्तार कर लिया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी कुमार चंदन सिंह, उनि दिनेश राजवाडे, प्रधान आरक्षक राजेन्द्र ध्रुव, श्यामलाल भगत, आरक्षक अमृत सिंह, रूपेश कुमार गुप्ता, हरिशंकर डनसेना, मोती राम राजवाडे, नरेन्द्र कश्यप, राकेश टोप्पो, जनकथारी सेन एवं अन्य स्टाफ शामिल रहे।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।



घटना स्थल पर जांच करती पुलिस।

## वाहन की चपेट में आने से युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ डांड़गांव

- दो सौ मीटर तक घसीटता रहा मृतक

वाहन की चपेट में आने से युवक की मौके पर ही मौत हो गई। युवक वाहन में फंस गया जिससे लगभग दो सौ मीटर तक घ सी टा गया। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात वाहन की तलाश शुरू कर दी है।

उदयपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत सूरजपुर स्टेट हाईवे मार्ग पर बीती रात में बड़ा हादसा हुआ। बीती रात सरगवा निवासी चमरू आ. गेंदा (29 वर्ष) जो रात में घर से बाहर निकल कर सड़क रास्ते से पैदल टहल रहा था। इसी दौरान खम्हरिया भदवाही के बीच सूरजपुर जाने वाले स्टेट हाईवे पर आज्ञात वाहन चालक द्वारा जबरजस्त टक्कर मार दी जिससे युवक वाहन में फंस कर लगभग दो सौ मीटर दूरी तक घिसटता रहा जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। युवक का शव पूरी रात सड़क किनारे ही पड़ा रहा। आज सुबह ग्रामीणों ने शव को देख घटना की सूचना उदयपुर पुलिस को दी। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है। साथ ही घटना कारित वाहन की तलाश शुरू कर दी है।

### कोयला लोड़ हाईवा से दुर्घटना की आशंका

सूरजपुर-उदयपुर मार्ग से आमगांव खदान भैयाथान क्षेत्र से विगत कुछ माह से बड़ी संख्या में ट्राला कोयला लोड़ वाहन बिलासापुर की ओर जाते हैं। सिंगल लेन स्टेट हाईवे सड़क है जिसमे राहगीरों के अलावा छोटे वाहन भी चलते हैं। बड़ी संख्या में सिग्नल लेन सड़क पर ट्राला चलने से हर समय दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। ग्रामीणों ने ट्राला कम एवं धिरे चलाने की मांग जिला प्रशासन से की है।

## शारीरिक संबंध बनाने से मना करने पर पत्नी को उतारा मौत के घाट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुसमी

- आरोपी पति को पुलिस ने किया गिरफ्तार

शारीरिक संबंध बनाने से मना करने पर पति ने पत्नी की पत्थर से सिर पर वार कर हत्या कर दी। हत्या की सू च ना पर पहुंची पु लि स द्वारा जांच के बाद मामले में आरोपी युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना अंतर्गत ग्राम सेरेंगाजोभी निवासी 24 वर्षीय बबुआ पहड़ी कोरवा आ. सुखदेव पहाड़ी कोरवा पत्नी ढिलो बाई के साथ रहता था। 7 मई की रात 11.30 बजे युवक ने पत्नी से शारीरिक संबंध बनाने के लिए कहा था जिसपर महिला ने माता कर दिया जिसके बाद दोनों के बीच विवाद हो गया। विवाद के दौरान आरोपी बबुआ पहाड़ी कोरवा ने पत्नी ढिलो बाई पहाड़ी कोरवा की लात मुक्के से बेदम पिटाई करने के बाद पत्थर से सिर पर वार कर उसकी हत्या कर दी। इस घटना की जानकारी आरोपी के पिता सुखदेव पहाड़ी कोरवा ने पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा लाश को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द किया गया इसके साथ ही पीएम रिपोर्ट और परिजन के बयान के आधार पर आरोपी बबुआ पहाड़ो कोरवा को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपी को बीएनएस की धारा 103 (1) के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी ललित यादव, प्रधान आरक्षक प्रान्जुल कश्यप, आरक्षक मूलधर पैकरा, धीरेन्द्र चंदेल, देवचंद पैकरा, राजेन्द्र पैकरा, हेमंत तिर्की, अनिल पैकरा, महिला आरक्षक कमली पैकरा सक्रिय रहे।



### प्रयास आवासीय विद्यालयों के प्रवेश हेतु दावा-आपत्ति 15 तक

**अम्बिकापुर।** अजा तथा अजजा विकास विभाग द्वारा मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजना अंतर्गत संचालित प्रयास आवासीय विद्यालयों में शिक्षण सत्र 2025-26 कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु प्राक्चयन परीक्षा का मॉडल उत्तर विभागीय वेबसाइड पर जारी किया गया है। दावा आपत्ति हेतु आवेदन करने की अंतिम तिथि 15 मई रात्रि 12 बजे तक है। बिना प्रमाण के दावा-आपत्ति को पूर्णतः अमान्य किया जायेगा। प्राप्त दावा-आपत्ति के परीक्षण पश्चात विशेषज्ञों द्वारा अंतिम निर्णय लिया जाएगा। दावा-आपत्ति के संबंध में विषय विशेषज्ञों का निर्णय ही अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। डाक या कोरियर के माध्यम से दावा-आपत्ति स्वीकार नहीं किया जाएगा।

### बाइक से गिरे युवक की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत

**अम्बिकापुर।** घर लौट रहा बाइक सवार अनियंत्रित होकर बाइक समेत सड़क किनारे गिर गया। दुर्घटना में गंभीर हुए युवक की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार सूरजपुर थाना अंतर्गत ग्राम गोपालपुर निवासी रविन्द्र कुमार साहू आ. राम कुमार (35 वर्ष) गत दिन बाइक से घर आ रहा था। जैसे ही गोपालपुर स्टेडियम के समीप पहुंचा तभी अनियंत्रित होकर बाइक समेत सड़क किनारे गिर गया जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन घायल को सूरजपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने घायल की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां बीती रात उपचार के दौरान मौत हो गई।

## वनभूमि पर कब्जा जमाने के बाद सौ रूपए के स्टाम्प पर बेच दी जंगल की भूमि, कलेक्टर से शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शहर से सटे चोरका कछार स्थित संरक्षित जंगल की भूमि पर कब्जा जमाने के बाद अतिक्रमणकारियों ने सौ-सौ रूपए के स्टाम्प पर 2 एकड़ भूमि का विक्रय कर दिया है। संरक्षित क्षेत्र की वनभूमि पर अवैध अतिक्रमण करने उपरांत नियम विरूद्ध विक्रय करने के मामले में रेंजर सहित अन्य वनकर्मियों के संलिप्त होने की संभावना जताई गई है। भाजपा पार्षद आलोक दुबे ने मामले की शिकायत कलेक्टर से की है।

पार्षद आलोक दुबे के अनुसार शहर के महात्मा गांधी वार्ड क्रमांक 21 की सीमा से सटे ग्राम रनपुर वार्ड क्रमांक 21 की सीमा से सटे ग्राम रनपुर खुर्द अंतर्गत संरक्षित चोरका कछार के खैरबार बीट के वनखण्ड 2581 में बड़ी संख्या में मजारपारा के लोगों ने अतिक्रमण किया है। दो वर्ष पूर्व अतिक्रमणकारियों ने अन्य राज्यों से आए विशेष समुदाय के लोगों को सौ रूपए के स्टाम्प पर नोटरी करा करोड़ों रूपए में विक्रय किया है। संरक्षित वनभूमि पर सरकार का आधिपत्य होता है तथा इसके विक्रय करने का अधिकार किसी व्यक्ति को नहीं है। कलेक्टर के निर्देश पर हल्का पटवारी नवीन कुमार श्रीवास्तव अक्टूबर 2024 को तहसीलदार को सौंप अवैध अतिक्रमण की जानकारी दी थी तथा संयुक्त दल बनाकर अतिक्रमण हटाने का सुझाव दिया था। संरक्षित वन क्षेत्र में अवैध अतिक्रमण की शिकायत वनकर्मियों ने वरिष्ठ अधिकारियों से नहीं की है। जिससे अवैध अतिक्रमण में उनकी मिलीभगत से इनकार नहीं किया जा सकता। उन्होंने कलेक्टर से संरक्षित जंगल को अतिक्रमणमुक्त कराने के साथ ही वनभूमि के अवैध क्रय-विक्रय के विरूद्ध कार्रवाई करने की मांग की है।

## शिशु को जन्म देने के बाद महिला कैदी की मौत

**अम्बिकापुर।** पोस्को एक्ट के मामले में सजा काट रही महिला कैदी की शिशु का जन्म देने के बाद मौत हो गई। शिशु की हालत गंभीर होने पर एसएनसीयू कक्ष में रखा गया है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है।जानकारी के अनुसार मनेन्द्रगढ़ कोतवाल क्षेत्र के केवट मोहल्ला निवासी कौशल्या बाई साहू उर्फ सुनिता पति खेमन (46 वर्ष) साल 2023 को पोस्को एक्ट के मामले में गिरफ्तार किया गया था। 23 सितंबर 24 को न्यायालय ने महिला को 20 साल की कठोर सजा सुनाई साथ ही अर्थदंड लगाया और अर्थदंड की राशि नहीं देने पर दो माह के अतिरिक्त सजा सुनाई। महिला को बैकुंठपुर जेल में रखा गया। इसी बीच महिला के गर्भवती होने पर उसे गत दिन मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां आज तड़के 3.18 बजे एक शिशु को जन्म दी। शिशु की हालत गंभीर होने पर एसएनसीयू वार्ड में भर्ती कराया गया जहां उपचार जारी है। इधर प्रसव के बाद महिला की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात लाश का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

online Booking:-www.tripuryatra.com



23 मई, 06 जून, 25 जुलाई, 14 अगस्त,11 सितम्बर, 03 अक्टूबर, 13 नवम्बर, 18 दिसंबर, 24 दिसंबर 2025 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा(गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू ( बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार ), गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 17500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी
अब हर माह आप बनेंगे भाग्यशाली विजेता
महाबम्पर ड्रॉ में शामिल होने का सुनहरा अवसर



प्रथम पुरस्कार
1 तोला, 5 नग
सोने का हार
द्वितीय पुरस्कार
1 स्कूटी (EV)
तृतीय पुरस्कार
2 नग
रेफ्रिजरेटर
चतुर्थ पुरस्कार
3 नग
LED TV
सांत्वना पुरस्कार
1100
नियम व शर्तें लागू

नियम व शर्ते : 1. हर माह जन्मदिन उत्सव फॉरमेट प्रकाशित किया जायेगा। योजना में भाग लेने के लिए पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट को भरकर हरिभूमि कार्यालय, ब्यूरो कार्यालय या अपने एजेंट/एजेंसी के पास जमा कर सकते हैं। 2. हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं, जन्मदिन के फार्मेट एक माह पहले मंगाये जायेंगे, उनके जन्मदिन पर उन्हें सुनिश्चित उपहार दिया जायेगा। 3. प्राप्त जन्मदिन के फार्मेट को एकत्रित कर महाबम्पर ड्रा में शामिल किया जायेगा जिसका ड्रॉ नवम्बर 2025 में किया जायेगा। 4. जन्मदिन फार्मेट के साथ आधार कार्ड या जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ 3 माह अखबार का मासिक बिल लगाना अनिवार्य होगा। 5. जन्मदिन फार्मेट की फोटो कापी मान्य नहीं होगी। 6. राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। इस योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते। 7. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते है।